हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 2 अगस्त 2025

06 अधूरे कामों के चलते क्षेत्र के आमजन हो रहे परेशान...



07 विद्यार्थियों की सफलता और सुरक्षा के लिए आवश्यक...



नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

### जैन आराधना भवन में चल रहे हैं धार्मिक प्रवचन

# मनुष्य जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए एक क्षण का भी प्रमाद मत करना : रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जीवन क्षण भंगुर है, यहां देह कितने समय तक हमारा साथ देने वाली है इसका कोई भरोसा नहीं है। जन्म-मरण व्यक्ति के हाथ में नहीं है, लेकिन बीच का समय हमारे हाथ में होता है। चाहे तो जीवन का उत्थान भी कर सकते हैं या फिर इसका पतन भी कर सकते हैं। इसलिए एक क्षण का भी आप प्रमाद मत करना। वाणी का उपयोग सोच समझकर करना चाहिए यहां किसी के लिए नमक तो किसी के लिए मलहम का कार्य भी कर सकती है। इच्छाऐं आकाश की तरह अनंत है, जिसका कोई अंत नहीं है। इच्छाओं पर नियंत्रण करने के लिए पुरुषार्थ करें।इच्छाओं पर विजय प्राप्त करने वाला ही मोक्ष पद की प्राप्ति कर सकता है।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित साध्वी रत्ननिधि, पुण्य निधि म.सा. ने गुरुवार को प्रवचन के दौरान उक्त विचार व्यक्त किए। साध्वी ने कहा कि जीवन क्षण भंगुर है इसलिए हमें प्रमाद से मुक्त होना है, प्रमाद को तिलांजलि देना है। काल रूपी बुलावा कब आ जाएगा कुछ कह नहीं सकते। इसीलिए दुनिया से जाने से पहले कुछ ऐसा धर्म या परोपकार का कार्य कर के जावे की जाने के बाद भी यह दुनिया आपको याद रखे।

उन्होंने कहा कि हर कार्य के लिए कोई न कोई तोड़ ढूंढ लिया जाता है लेकिन आयुष को रोकने का आज तक कोई तोड़ नहीं ढूंढ पाया विज्ञान के पास भी ऐसा कोई साधन नहीं है जो हमारी आयु को बढा सके। उन्होंने कहाकि संसार में रहकर हम जब तक पाप कार्य से निवृत नहीं होते तब तक पुण्य के कार्यो में अग्रसर होते रहना है। पूर्व भव में हमने कोई धर्म या परोपकार के कार्य नहीं किये। लेकिन इस भव में लक्ष्मी प्राप्ति के लिए खोज करेंगे तो वहां कैसे मिलेगी। संपत्ति, वैभव है लेकिन जिस समय यहां शरीर रोग ग्रस्त हो जाता है तो यहाँ धन संपत्ति भी हमारे रोग का निवारण नहीं कर सकती है। उन्होंने कहाकि चंचल लक्ष्मी जब हमारे हाथ से चली जाती है, तो वहां लक्ष्मी तो नहीं रोती है। लेकिन हम रोते रहते हैं। जड़ चेतन के पीछे कभी नहीं रोता लेकिन चेतन जड़ के पीछे रोता रहता है।

उन्होंने कहाकि दुनिया में खाली हाथ आए थे, खाली हाथ इस संसार से जाएंगे। कुछ भी साथ जाने वाला नहीं है। मनुष्य जीवन क्षणभंगुर है इसलिए एक क्षण का भी आप प्रमाद मत करना। जब वृद्धावस्था आवेगी तब तुमको शरण देने वाला भी कोई नहीं होगा। शरीर रोग से ग्रसित या शिथिल हो जाता है तो दिन एक - एक घंटे के लिए कटना मुश्किल लगता है।

साध्वीजी ने कहा कि हमारी वाणी ऐसी होना चाहिए कि वहां किसी के घावों पर नमक का काम नहीं करें। महलम का कार्य हमारी वाणी से होना चाहिए। जयणा पूर्वक वाणी का उपयोग करने से पाप कर्म का बंध नहीं होता है। नवकार महामंत्र हमें भवसागर से पर लगा देता है। कुतूहल वृत्ति भी हमारी आत्मा की दुश्मन है इससे निवृत होकर हमें नवकार महामंत्र का स्मरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल हमारे मनोरंजन का साधन है, मां अपने छोटे से बच्चें को जन्म के कुछ माह बाद ही मोबाइल हाथ में थमा देती है। यहीं कारण है की आज हर हाथ में मोबाइल दिखाई देता है। स्माइल खत्म होती जा रही है, परिवार के बीच प्रेम वात्सल्य सौहार्द का वातावरण खत्म होता जा रहा है। मोबाइल में कितना समय हमारा चला जाता है इसका कैलकुलेशन हमें करना चाहिए। मनोरंजन की जगह आत्म रंजन में आगे बढ़ाना है। मनोरंजन तो इस जीव ने कई बार किया है। मन का कार्य हमें पतन के गर्त में ले जाने वाला है वही आत्मा हमें उत्थान के पथ पर ले जाती है।

साध्वी ने कहाकि संसार में रहो लेकिन अपने अंदर संसार को मत बसाओ। हमारे रूप से नहीं बल्कि आत्म स्वरूप से हमारी शोभा है। यहां जीव घर में (संसार में) रहकर भी साधना आराधना कर मोक्ष पद की प्राप्ति कर सकता है। घर में रहकर भी वैरागी जीवन जी सकते हैं। जनक राजा, भरत महाराजा संसार में रहकर ही विदेही बने थे। उन्होंने कहाकि बिना संसार की आसक्ति के तोड़े मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती है। संसार में रहो लेकिन संसार के प्रति हमारी आसक्ति नहीं होना चाहिए। इच्छाओं का त्याग नहीं होगा तब तक इच्छाएं प्रति पल बढ़ती जा रही है। इच्छाऐं आकाश की तरह अनंत है जिसका कोई अंत नहीं है। जब तक इच्छाओं का निरोग नहीं होगा मोक्ष की प्राप्ति नहीं होगी। इच्छाओं पर विजय प्राप्त करने वाला ही मोक्ष पद की प्राप्ति कर सकता है। इच्छाओं पर नियंत्रण करने के लिए पुरुषार्थ करें। उन्होंने कहा कि बिना विचारे जल्दबाजी में किया गया कोई भी कार्य पश्चतावें के अलावा हमें कुछ नहीं दे सकता है।



# बड़ी पुलिया के गड्ढे भरना तो प्रारंभ किया लेकिन मिट्टी से, परेशानी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा


प्रतिवर्ष चढ़ाई जाती है भ्रष्टाचार की परत, जिम्मेदार अधिकारी अनजान
लखुंदर नदी की बड़ी पुलिया पर हो गए बड़े-बड़े गड्ढे, हो रहे हादसे

आमला-नलखेड़ा मार्ग पर नगर के समीप स्थित लखुंदर नदी की पुलिया पर हो रहे गड्ढों को लेकर 30 जुलाई को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग द्वारा शुक्रवार को गड्ढों को भरना तो प्रारंभ किया गया लेकिन उन्हें मिट्टी से भरा जा रहा है जोकि और अधिक परेशानी का सबब बन सकते हैं।

गत 30 जुलाई को हरिभूमि में समाचार प्रकाशन के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा लखुंदर नदी की बड़ी पुलिया पर हो रहे गड्ढो को भरना प्रारम्भ किया गया। इन गड्ढो को पुलिया के ऊपर ही जमा मिट्टी को खुरदकर भरा जा रहा है। वर्षा होने पर इन गड्ढों की मिट्टी फिर से बह जाएगी और इसके कारण फिसलन भी हो जाएगी जिसके कारण दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी होंगे वही मिट्टी बह जाने से पुनः गड्ढे उभर जाएंगे। संबंधित विभाग द्वारा वर्षो से इसी प्रकार पुलिया की सतह पर भ्रष्टाचार की परत चढ़ाई जाती है जोकि कुछ ही दिनों में उखड़ जाती है। संबंधित विभाग को पुलिया की सतह पर हो रहे गड्ढो को या तो सीमेंट कांक्रीट या डामर से भरा जाना चाहिए उसके बाद सम्पूर्ण पुलिया पर डामरीकरण किया जाना चाहिए जिससे कि वाहन चालकों की परेशानियां समाप्त हो सके।

### अधिवक्ता ने लोक निर्माण मंत्री को लिखा पत्र

लखुंदर नदी पर निर्मित पुलिया की जर्जर हालत के संबंध में नगर के अधिवक्ता आशीष कुमार जैन ने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, चीफ इंजीनियर राकेश कुमार वैद्य, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग राकेश मिश्रा व लोक निर्माण विभाग के मुख्य सचिव सुखबीरसिंह को पत्र लिखा गया। जिसमें बताया गया है कि नगर में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है जहाँ प्रतिदिन हजारों एवं नवरात्रि में प्रतिदिन एक लाख से अधिक दर्शनार्थी पहुंचते है जो इसी जर्जर पुलिया पर से होकर निकलते है। पत्र में बताया कि पुलिया के स्लैब में कई स्थानों पर से सरिए बाहर निकल गए हैं। जर्जर अवस्था मे पहुंच चुकी इस पुलिया के कारण किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिसमे जनहानि का अंदेशा बना हुआ है। अधिवक्ता ने पत्र में उक्त पुलिया का तत्काल समुचित रखरखाव करने व अन्य पुलिया का नवनिर्माण करने की मांग की है।

# पं. प्रदीप मिश्रा का स्वागत कर मां के दरबार में आने का दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत कर उन्हें मां बगलामुखी के दरबार में आने का आमंत्रण दिया। पं मिश्रा ने शीघ्र ही माता रानी के दरबार में आने की स्वीकृति दी। मां बगलामुखी के अनन्य भक्त अंतिम मकवाना पवित्र सावन मास में प्रसिद्ध कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से भिलाई छत्तीसगढ़ में चल रही शिव महापुराण कथा का श्रवण करने पहुंचे। जहां उनके द्वारा कथा के दौरान पं मिश्रा को माता रानी की चुनर ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह के रूप में माता रानी का चित्र भेंट कर माता रानी के दरबार मे आने का आमंत्रण दिया गया। जिस पर पं मिश्रा द्वारा शीघ्र ही माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए नलखेड़ा आने की स्वीकृति प्रदान की गई।

# सभी विकास और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में करें : संभाग आयुक्त संजीव सिंह

**कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों से संभागायुक्त को कराया अवगत**



**सीहोर।** भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने सीहोर में विधि महाविद्यालय, नापलाखेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माणाधीन भवन तथा शहीद स्थल के विकास कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को विभाग द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित तय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निर्माण कार्य एवं निर्माण सामग्री का निरीक्षण करने के लिए कहा।

शहीद स्थल के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा यह एतिहासिक स्थल पवित्र स्थल के रूप में विकसित होगा और आजादी के लिए कुर्बान होने वाले शहीदों के बारे में आने वाल पीढ़ियों को जानकारी मिलेगी। इस शहीद स्थल पर बने ऑडिटोरियम में देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो सकेंगे। उन्होंने कलेक्टर बालागुरू के. तथा पीआईयू के कार्यपालन यंत्री से इस स्थल के फर्स्ट फेस का कार्य पूर्ण होने के बाद आगामी प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। संभागायुक्त ने ग्राम सतपिपलिया में देखी जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां संभागायुक्त संजीव सिंह तथा कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम सतपिपलिया में डगवेल रिचार्ज, निर्मल नीर कपिलधारा कूप, सार्वजनिक पौधरोपण तथा खेत तालाब सहित सहित अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त संजीव सिंह को जानकारी दी गई कि इन जल संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से जल का संरक्षण किया जा रहा है।

इसके साथ इस वहां लगाए गए पेड़ों की सिंचाई में इस जल का उपयोग किया जा रहा है। इससे न सिर्फ जल का संरक्षण हो रहा, बल्कि पर्यावरण का संरक्षण भी हो रहा है। संभागायुक्त सिंह इस संरचना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संरचनाओं को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए और इन कार्यों में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों को वृहद् स्तर पर संचालित किया जा सके। उन्होंने ग्राम गुड़भेला में शासकीय स्कूल का भी निरीक्षण किया और बच्चों से पढ़ाई के बारे में चर्चा की।

# दर-दर भटकती गोवंश को आश्रय देने की मांग का सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के गोभक्तों द्वारा नगर में दर-दर भटकती गोवंश को आश्रय देने की मांग को लेकर ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार को सौंपा गया। शुक्रवार को नगर के गोभक्तों द्वारा तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि मां बगलामुखी की नगरी में निराश्रित गोवंश की स्थिति बेहद दयनीय है। ये रोड पर बैठी रहती है और आए दिन एक्सीडेंट व आवारा कुत्तों की शिकार होती रहती है। जिन्हें रखने की उचित व्यवस्था नहीं होने से वे तड़फ तड़फ कर मर रही है। ज्ञापन में गोवंश के लिए गोशाला का निर्माण व उनकी देखरेख के लिए व्यवस्थित व्यक्तियों की व्यवस्था करने की मांग की गई। ज्ञापन में कुछ भूमि सर्वे नंबर दर्शाते हुए तथा अन्य शासकीय व चरनोई की भूमि दबंगो के कब्जे से मुक्त करवाने की भी मांग की गई। जहां गोशाला निर्माण व गोचर भूमि उपलब्ध करवाने की भी मांग की गई। ज्ञापन में 15 दिवस में उक्त मांगे पूर्ण नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

# शा. हायर सेकंडरी विद्यालय पीलवास में साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



विकासखंड के ग्राम पीलवास स्थित एकीकृत शासकीय उमावि में छात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण की गई। शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बाबूसिंह सिसोदिया, मोहनलाल सोनी, गेंदसिंह सिसोदिया, दिनेश चौधरी के आतिथ्य में शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में शासन की योजना अंतर्गत 13 विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण की गई। इस दौरान प्राचार्य अर्जुन सिंह राजपूत, सुनील जोशी, वल्लभ पाटीदार, अशोक जायसवाल, राजेश परमार, दीपेश जैन, राधेश्याम उपाध्याय, जन शिक्षक अजय श्रीवास्तव, दीप सिंह दलोदिया आदि उपस्थित थे।

### शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुराडिया देव में किया साइकिल वितरण

**नलखेड़ा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत खेलागांव के अंतर्गत मा. वि. गुराडिया देव में विद्यार्थियों को शासन की योजना अंतर्गत साइकिल का वितरण किया गया। शुक्रवार को ग्राम पंचायत खेलागाव के सरपंच दिनेश हरिनारायण पाटीदार के मुख्य अतिथि में मा. वि. गुराडिया देव में विद्यार्थियों को शासन की योजना अंतर्गत निशुल्क साइकल का वितरण किया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।



### साध्वी मंडल के सान्निध्य में हुआ आयोजन

# पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लड्डू चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर श्वेतांबर जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ निर्वाण लड्डू मंदिरों में हर्षोल्लास पूर्वक चढ़ाया गया। भक्तामर पाठ के साथ परमात्मा का अभिषेक, पूजन व आरती की गई। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में प्रथम बार भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष निर्वाण कल्याणक दिवस शुक्रवार को प्रवर्तनी महोदया प.पू.विचक्षण ज्योति प्रज्ञाभारती महामांगलिक प्रदात्री श्री चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्याए प.पू. रत्ननिधि श्री जी म.सा.,प.पू. पुण्यनिधि श्री जी म.सा. आदि ठाणा 5 के सानिध्य में मनाया गया।

शुक्रवार को प्रातः 5:30 बजे जैन आराधना भवन से ढोल व चंदा प्रभु बहू मंडल के घोष बैड के साथ चल समारोह निकाला गया जिसमें लाभार्थी राजेन्द्र कुमार रवि कुमार सकलेचा परिवार निर्वाण लाडू के साथ पूजन सामग्री लेकर जिन मंदिर जी पहुंचे।



जहां पर पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष निर्वाण कल्याणक दिवस पर श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के समक्ष साध्वी मंडल के सानिध्य में विधि विधान के साथ निर्वाण लड्डु समर्पित किया गया। साथ ही अन्य परमात्मा, दादा गुरुदेव व अन्य देवी देवताओं, की देहरियों के समक्ष भी लड्डु चढ़ाया गए। इसके पश्चात मंदिरजी में भक्ताम्बर पाठ के साथ परमात्मा का अभिषेक किया गया। परमात्मा के समक्ष गहूली बनाकर फल, नैवेध,अक्षत आदि सामग्री चढ़ाई गई। तथा परमात्मा की आरती की गई। तत्पश्चात गुदरावन मार्ग स्थित दादावाडी मे प्रातः 8:30 बजे मोक्ष निर्वाण कल्याणक लड्डू चढ़ाया गया।

## खबर संक्षेप

### हंगामा करने वाले बदमाशों को कमलापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चापडा।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अशांति फैलाने वाले बदमाशों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उसी के चलते पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत दो पक्ष आपस जमीनी विवाद को लेकर आपस मे झगड रहे थे, जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद होकर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनावेदक गण इमरान पिता कमलू खान उम्र 35 साल निवासी हाटपिपल्या, परवेज पिता गब्बू खान उम्र 35 साल निवासी करनावद, गब्बर पिता लतीफ खान उम्र 40 साल निवासी कमलापुर, वसीम पिता लियाकत खान उम्र 22 साल निवासी कमलापुर को धारा 170 BNSS के तहत गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय बागली पेश कर उप जेल बागली में निरुद्ध किया।

### स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पवार हुए सम्मानित



**देवास।** पूरे देश में स्वच्छता के अंतर्गत 3 लाख तक कि आबादी में देवास को प्रथम आने पर नगर निगम देवास द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सम्मान समारोह में शहर के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा लेखक, इतिहासविद अमितराव पवार को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के नाते उनके किये गये योगदान व उत्कर्ष कार्य के लिए सम्मानित किया गया।जिसमे मुख्यरुप से देवास विधायक राजमाता गायत्री राजे पवार महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल,सभापति रवि जैन,महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल,आयुक्त रजनीश कसेरा, धर्मेंद्रसिंह बैस ,अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही गणमान्यजन मंचासीन उपस्थित थे। पवार पिछले दो वर्षों से स्वछता ब्रांड एंबेसडर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए शहर के लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित व जागरूक करते आ रहे। जिसके अतर्गत अनेकों स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम किये और हजारों लोगों को अभी स्वच्छता की शपथ दिलाई।इस उपलब्धि पर उन्हें इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### अगुर्ली से देवासिया गांव पहुंच मार्ग का योजना के अंतर्गत किया निर्माण कार्य

# अधूरे कामों के चलते क्षेत्र के आमजन हो रहे परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान





पानी निकासी के लिए गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ही नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा निर्माण कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम पंचायत अगुर्ली से देवासिया गांव पहुंच मार्ग का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य किया गया है। इस दौरान पानी निकासी के लिए गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ही नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा निर्माण कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है, जिसके कारण आमजन परेशान है। बारिश के दिनों में पानी की निकासी न होने के कारण मार्ग पर पानी भरा रहता है। गांव में गंदगी फैल रही है। जिससे आमजन काफी त्रस्त है। शिकायतो के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार के दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर इस अधूरे निर्माण को लेकर संबंधित विभाग व ठेकेदार को लेकर नाराजगी व्यक्ति की। ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह सेंधव, गब्बर सिंह राणा ने बताया कि मुख्य मार्ग पर नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, जो कि गलत तरीके से किया जा रहा है।



जिसके कारण आम जनता के साथ ही स्कूली बच्चे भी परेशान हैं। मुख्य मार्ग पर पानी भरा रहता है जिसमें से मजबूरन स्कूली बच्चों को निकालना पड़ता है। साथ ही निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री शासकीय हाई स्कूल परिसर में रखी हुई है। जिसके कारण स्कूल परिसर भी अस्त-व्यस्त हो चुका है। बच्चों के लिए जो जगह खेलकूद के लिए रखी गई है, वह भी पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी गई है। आगुर्ली से देवासिया तक के मार्ग निर्माण के साथ ही ग्राम अगुर्ली में सड़क किनारे नाली निर्माण किया जा रहा है। साथ ही उल्टी दिशा में पानी की निकासी कि जा रही है। ग्रामीण इंदर सिंह, संग्राम सिंह राठौड़, दीपेंद्र सिंह राठौड़, भारत सिंह राणावत, पंकज सिंह, जितेंद्र सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि जब हमने घटिया निर्माण की शिकायत की तो ठेकेदार द्वारा ग्रामीण धर्मेंद्र सेंधव, बलवान सेंधव पर मशीन चोरी का इल्जाम लगाकर कमलापुर थाने में झूठी रिपोर्ट का आवेदन दिया गया, जबकि मशीन अभी जहां खड़ी है वहीं पर रखी हुई है। ग्रामीणों को धमकाया जा रहा हैं।

#### लोगों ने निर्माण कार्य किया बाधित

नियमानुसार नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा था, लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा व्यक्तिगत तौर पर निर्माण कार्य को बाधित किया गया। निजी लाभ लेने के उद्देश्य से बार-बार विवाद किया जा रहा था। जिसके कारण निर्माण कार्य बंद हुआ है। विवाद को लेकर संबंधित थाने पर शिकायत की दर्ज की गई है।

**बलराम लोधी,** मैनेजर निर्माण एजेंसी

#### इनका कहना है

स्थानीय कुछ लोगों द्वारा ठेकेदार को परेशान किया जा रहा है,उसी के कारण निर्माण कार्य में परेशानी आ रही है। प्रयास किया जाएगा की जल्द ही शेष कार्य पूर्ण कर दिया जाए।

**संतोष मंसारे,** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अधिकारी

### उपायुक्त जाफरी ने जिला पशु चिकित्सालय का निरीक्षण कर शेड की मरम्मत करने दिए निर्देश

**देवास।** नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने उज्जैन रोड स्थित जिला पशु चिकित्सालय परिसर में स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र और दुर्घटनाग्रस्त गौवंशों के उपचार स्थल का निरीक्षण कर गौवंश और स्वान को रखने की जगह में कहीं जलभराव न हो यह सुनिश्चित करने के लिए शेड की मरम्मत करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। उपायुक्त जाफरी ने निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सालय परिसर में वर्षा जल की निकासी किए जाने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने उपचारित पशुओं को दिए जाने वाले भोजन की व्यवस्था की भी समीक्षा की। आवारा श्वानों के किए जा रहे बधियाकरण की दैनिक और मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने हेतु स्वच्छता निरीक्षक को आदेशित किया। उपायुक्त ने कहा कि गौवंशो और श्वानों के बैठने के लिए सुखे स्थान के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए भी संबंधितों को कहा। निरीक्षण में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, उपयंत्री भूमिका जैन उपस्थित थे।



### बैठक में निर्णयः गोवंशों को अपनी हदों में नहीं रखने वाले गोपालकों पर की जाएगी कार्रवाई

सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर लगेगा दंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर मे मुख्य मार्गो, चौराहों व अन्य प्रमुख स्थानों पर स्वच्छंद रूप से विचरते आवारा मवेशियों, गौवंशो के पालकों पर नगर निगम प्रभावी कार्यवाही करेगा। इस हेतु नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा शहर के समस्त गौपालकों की वार्डवार सूची वार्ड दरोगाओं के माध्यम से तैयार कराई गई है।

इस संबंध मे महापौर द्वारा विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस के साथ समस्त 45 वार्डो के दरोगाओं व स्वच्छता निरीक्षकों एवं अन्य कार्य मे तैनात दरोगाओं की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को महापौर निवास सिविल लाईन पर ली गई। बैठक मे उपस्थित समस्त वार्ड दरोगाओं से उनके वार्डो मे गौपालकों की सूची प्राप्त की गई। जिसमे अभी कुछ वार्डो को छोडकर शहर मे 502 गौपालकों की सूची बनाई गई है। जिसमे 817 गौवंशों की संख्या दर्ज है। इन गौपालकों को नोटीस जारी कर 3 दिवस मे अपने अपने गौवंशों/ मवेशियों का अपनी हदों मे रखे जाने की सूचना जारी करने के निर्देश दिये गये साथ ही निश्चित समयावधि पश्चात भी इनके द्वारा नोटिस का पालन नही करने की स्थिति मे इनके विरूद्ध नियमानुसार दण्ड आरोपित किया जाएगा। बैठक मे सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने वाले लोगों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिये गये तथा प्रथम बार चालानी कार्यवाही पर रूपये 2 सौ, दूसरी बार मे रूपये 5 सौ एवं तीसरी एवं अंतिम बार मे रूपये 1 हजार का चालानी दण्ड लगायें। बैठक मे निगम उपायुक्त जाकीर जाफरी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, भूषण पवार, हेमन्त उबनारे, ओमप्रकाश पथरोड, रवि गोयनार, वार्ड दरोगा व बडी संख्या मे सफाई मित्र उपस्थित रहे।

### विधायक को मिला प्रतिनिधित्व करने का गौरव



**देवास।** हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज चौधरी को अमेरिका के बोस्टन शहर में आयोजित होने जा रहे नेशनल कांफ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेटर्स (एनसीएसएल) के वैश्विक सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 4 से 6 अगस्त, 2025 तक आयोजित होगा, जिसमें दुनियाभर से 6000 से अधिक विधायक भाग लेंगे। इस वर्ष भारत से 24 राज्यों और 21 राजनीतिक दलों के लगभग 130 विधायकों को इस सम्मेलन में भाग लेने का अवसर मिला है। मध्यप्रदेश से मात्र विधायक मनोज चौधरी को ही प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है, जो प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व की बात है। विधायक चौधरी 7 अगस्त से 22 अगस्त तक अमेरिका और कनाडा के विभिन्न शहरों का अध्ययन भ्रमण भी करेंगे।

## रोटरी क्लब का पदभार व शपथ विधि समारोह संपन्न







हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

रोटरी क्लब ऑफ भौंरासा की सेवा का 23 वाँ पदभार एवं शपथ विधि समारोह इंदौर भोपाल हाईवे पर स्थित श्री बालाजी रेस्टोरेंट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटें, सुशील एवं रोटे रूबी मल्होत्रा शपथ अधिकारी, रोटे, सत्यनारायण लाठी, विशेष अतिथि रोटे, दिनेश कारपेंटर डॉ. रूप सिंह नागर रोटरी क्लब अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शपथ अधिकारी के रूप में सत्यनारायण लाठी पूर्व मंडलाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा क्लब सचेतक राजेंद्र यादव एवं चतुर्विद मंत्र का वाचन कन्हैया लाल खाटवा ने किया।

मंचासीन अतिथियों का स्वागत क्लब सदस्यों द्वारा किया गया। स्वागत भाषण एवं सेवा प्रकल्पों का वाचन पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मंत्री एवं वर्ष 25-26 के सेवा प्रकल्पों की जानकारी पूर्व अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर ने दी। क्लब सदस्यों एवं पत्रकार साथियों को सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अध्यक्ष डॉ. रूपसिंह नागर को कॉलर एवं पिन लगाकर अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। निवर्तमान एवं नवीन सचिव किशोर वर्मा को कॉलर व पिन मंचासीन अतिथियों द्वारा लगाई गई ।शपथ अधिकारी द्वारा समस्त सदस्यों को सेवा का संकल्प दिलवाया गया। रोटरी परिवार की ओर से प्रतिष्ठा मंत्री ने रोटरी एवं सेवा कार्यों से संबंधित प्रेरक विचार प्रस्तुत किया। उपस्थित समस्त अतिथियों ने अपने उद्बबोधन में रोटरी क्लब भौंरासा द्वारा पिछले 22 वर्षों में किए गए सेवा कार्यो और सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए भविष्य में किए जाने वाले प्रकल्पों में सहयोग का आश्वासन दिया।

आयोजित हुए कार्यक्रम के अवसर पर सोनकच्छ रोटरी क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर, देवास रोटरी क्लब अध्यक्ष सचिन नागर, हाटपिपलिया अध्यक्ष मंसूरी, इंदौर से डॉ. तेजस मेहता, नेत्र चिकित्सक, सुखदेव सिंह गुमन, कन्हैयालाल खाटवा,प्रदीप मंत्री, रघुवीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव सहित समस्त रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र यादव व प्रतिष्ठा मंत्री ने किया एवं आभार ग्राम पंचायत कांकड़दा सरपंच सुमेर सिंह नागर ने माना।

## रामपुरा, पांडुतालाब और महिंगांव बनी जिले की पूरी तरह से सीसीटीवी निगरानी युक्त पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला देवास में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा 01 नवम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिलें में "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" प्रारंभ किया गया है,जिसके अंतर्गत ज़िला पुलिस द्वारा लगातार ज़िलेवासियों को स्वेच्छापूर्वक अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित करने हेतु अभिप्रेरित किया जा रहा है । पुलिस कप्तान के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारी एवं एसडीओपी गली-मोहल्ला-गाँव-क़स्बे में लगातार भ्रमण कर आम जनता,व्यापारी वर्ग, स्थानीय जन-प्रतिनिधि एवं ग्रामीण तथा नगरीय निकायों को सीसीटीव्ही कैमरा की महत्ता के बारे में समझाइश देकर ज़्यादा से ज़्यादा कैमरा स्थापित करने हेतु अभिप्रेरित कर रहे हैं ।इसी अनुक्रम में थाना उदयनगर क्षेत्र स्थित ग्राम रामपुरा, पाण्डुतालाब एवं महिंगांव के आम जनों ने मिसाल क़ायम करते हुवे गाँव की सुरक्षा हेतु स्थानीय पुलिस के अभिप्रेरण पर 3 गांव रामपुरा, पाण्डुतालाब एवं महिंगांव के 20 चिन्हित स्थानों पर 9 लाख की राशि से कुल 90 नये सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित किए हैं । उक्त सभी 20 स्थानों का चयन से देवास पुलिस द्वारा ₹सुरक्षा ऑडिट के आधार पर किया गया था जिसमे चोरी-गृहभेदन, महिला/बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, प्रमुख त्यौहारों के दौरान जुलूस मार्ग,प्रमुख बाजार आदि समस्त आयामो को ध्यान में रखा गया था ।ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत रामपुरा,पाण्डुतालाब एवं महिंगांव गाँव में स्थापित 90 सीसीटीव्ही कैमरों के इस नेटवर्क का लाइव-फीड स्थानीय स्तर पर गांव में ही प्रदान किया गया है,जिसके चलते लगातार पुलिस द्वारा गाँव में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पैनी नज़र रखा जाना संभव हो सकेगा ।इस उपलब्धि हेतु सतत प्रयत्नशील रहने वाले एडिशनल एसपी हरनारायण बाथम, एसडीओपी सृष्टि भार्गव, थाना प्रभारी सुनीता कटारा एवं समस्त थाना स्टाफ की प्रशंसा की है।

### स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

# कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागवार कार्य सौंपकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभागवार जिला अधिकारियों को कार्य सौंपकर सभी तैयारियां समय रहते करने के निर्देश दिये। सिंह ने कहा कि बारिश का मौसम देखते हुए समारोह स्थल पर तैयारियां की जाये। जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों में ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का अनिवार्य रूप से पालन किया जाये। शहीदों के परिजनों को समारोह स्थल तक लाने



और उनके बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस को जिले के सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाये। नगर निगम देवास में एबी रोड और चौराहों पर अच्छे से साज-सज्जा करें। मुख्य समारोह में साउंड और माइकिंग सिस्टम की व्यवस्था अच्छे से करें। समारोह में साज-सज्जा अच्छी होना चाहिए। जिला स्तरीय समारोह में वीआईपी प्रोटोकॉल के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए। समारोह में शामिल होने वाले बच्चों को नास्ता करवाकर लाये।

बैठक में बताया गया कि मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड में सुबह 09 बजे से होगा। इसके पूर्व सभी विभागों के कार्यालयों में सुबह 08 बजे झण्डा वंदन होगा। फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को परेड ग्राउण्ड में होगी। बैठक में बताया गया कि जिले में प्रत्येक नागरिक को झण्डा संहिता का अनुपालन करना होगा। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर हो। झण्डों को समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जायेगा, झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेंका नहीं जायेगा। उसे सम्मान के साथ फोल्ड रखा जाना चाहिए, हर घर पर झण्डा विधिवत तरीके से लगाया जाना चाहिए, आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा।

### कलेक्टर ने जुलाई माह में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

जुलाई माह में सेवा निवृत्त हुए शासकीय सेवकों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में हुआ। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में जुलाई माह में सेवानिवृत्त हुए 25 शासकीय सेवकों का शॉल एवं माला पहनाकर स्वागत किया और पेंशन प्राधिकार पत्र(पीपीओ) प्रदान किये।कलेक्टर सिंह ने कहा कि आप सभी ने अच्छे से सेवा दी है। उन्होंने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस जीवनकाल को सक्रिय, स्वस्थ और सकारात्मक बनाएं। उन्होंने कहा जीवन में प्राप्त अनुभवों को समाज के साथ साझा कर समाज को एक बेहतर दिशा देने में सहभागी बने। सिंह ने कहा कि आप सभी ने निःस्वार्थ सेवा प्रदान की है उसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। इस दौरान पेंशन विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बरसात का पानी भराव होने पर दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम डोंगराखुर्द निवासी सेवाराम अहिरवार पुत्र घन्सू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गुरूवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसके पिता घन्सू अहिरवार अपनी दीवार के बारे में परिवार के ही सोनू अहिरवार ने कहा कि हमारी दीवार की तरफ पानी भर रहा है, उसको बना लो। जिससे पानी न भरे इतने में सोनू अहिरवार पुत्र मुलुआ अहिरवार, अर्चना पुत्र सोनू अहिरवार ने गाली-गलौज करने लगे। उसकी पत्नी जयन्ती भी बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसकी पत्नी घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पिता-पुत्र से मारपीट कर धमकी देने मामला

**ललितपुर।** सिटी चौकी अंतर्गत मोहल्ला पुरानी बजरिया निवासी अभय कुमार पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गुरूवार शाम करीब 7.30 बजे अभिषेक उर्फ नागिन, साहिल व कुनाल ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उक्त लोगों ने शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ एकराय होकर मारपीट कर दी। जिससे उसके मुंह में गंभीर चोटें आयीं हैं। पीड़ित के पिता जब बीच बचाव करने आये तो उक्त लोगों ने उसके पिता के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग गुण्डा किस्म के लोग हैं और राह चलते लोगों से मारपीट करना और धमकाते रहते हैं। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ऑपरेशन कन्विक्शन में 109 अपराधियों को सजा

**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक लखनऊ ने अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एडीजी कानपुर, डीआईजी झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र व अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों, पैरोकार व सीओ, थाना प्रभारी, विवेचकों आदि को न्यायालय में पैरवी हेतु नामित किया गया था। जिनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से न्यायालय ललितपुर द्वारा 01 माह (जुलाई) में कुल 71 चिन्हित अभियोगों में कुल 109 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवाते हुये कुल 1,85,500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित करवाया गया है। इसी क्रम में अन्य 69 चिन्हित अभियोगो में 106 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा व अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। उक्त के अतिरिक्त आबकारी अधिनियम के 13 अभियोगों में 13 अभियुक्तों को सजा मिली है।

### ऑनलाइन पोर्टल से किसानों को निःशुल्क वितरित की जायेगी तोरिया बीज मिनी किट

**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि राज्य सहायतित निशुल्क बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम अन्तर्गत अपर कृषि निदेशक (तिलहन एवं दलहन) उ.प्र. कृषि भवन लखनऊ द्वारा जिले को तोरिया बीज के निःशुल्क मिनीकिट प्राप्त हुये हैं। कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों द्वारा मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिये ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर आवेदकों के मध्य ऑनलाइन लॉटरी से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। चयनित कृषक को मशीन से निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट दिया जाएगा।

### नवीन शैक्षणिक सत्र में शिक्षण संस्थाओं को विद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम निर्धारण के निर्देश

# विद्यार्थियों की सफलता और सुरक्षा के लिए आवश्यक बिंदुओं पर दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर





जिला विद्यालय निरीक्षक, की अध्यक्षता में शासन / विभाग द्वारा संचालित शैक्षिक क्रियाकलापों / योजनाओं/कार्यक्रमों एवं शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक संचालन माहवार एवं तिथिवार संचालित / पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक राजकीय इण्टर कालेज, ललितपुर के सभागार में आहूत की गयी जिला विद्यालय निरीक्षक, की अध्यक्षता में शासन / विभाग द्वारा संचालित शैक्षिक क्रियाकलापों / योजनाओं/कार्यक्रमों एवं शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक संचालन माहवार एवं तिथिवार संचालित / पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक राजकीय इण्टर कालेज, ललितपुर के सभागार में आहूत की गयी।

बैठक में समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या उपस्थिति रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक, ललितपुर द्वारा बैठक में शासन/विभाग द्वारा चल रहे कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तृत से जानकारी दी गयी तथा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षा शुल्क को चालान के माध्यम से जमा करना एवं चालान ट्रेजरी से सत्यापित कराकर कार्यालय में जमा कराये तथा कक्षा 9 एवं 11 का पंजीकरण एवं प्रवेश निर्धारित तिथि से पूर्व कर लिया जाये। कक्षा-9 एवं 11 में पंजीकरण करने से पूर्व छात्र-छात्राओं के नाम, लिंग, विषय, जन्मतिथि आदि का मिलान अनिवार्य रूप से कर लिया जाये। यदि निर्धारित तिथि के उपरान्त छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन में किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो सम्बन्धित प्रधानाचार्य का उत्तरदायित्व निर्धारित कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जनपद के 04 राजकीय इण्टर कालेजों (रा०*० का०-जखौरा, माताटीला, बार, रा०बा०*० का० महरौनी) को कक्षा 10 एवं 12 के व्यक्तिगत फार्म भरने हेतु केन्द्र बनाया गया है। प्रधानाचार्य निर्धारित तिथि से पूर्व व्यक्तिगत परीक्षा फार्म भरवाना सुनिश्चित करें। इन्सपायर अवार्ड योजना अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय से 05-05 छात्र-छात्राओं को मॉडल हेतु चिन्हित करते हुये इन्सपायर अवार्ड की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य छात्र-छात्राओं को एन०सी०ई०आर०टी० की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु स्थानीय दुकानदारों से सम्पर्क कर विद्यालय स्तर पर बुक स्टाल लगवाया जाये। विद्यालय में ऐसे कक्षों/भवनों को चिन्हित कर ले जो जर्जर अवस्था में तथा भवन के आगे बोर्ड लगाकर अंकित कर दें कि भवन जर्जर है तथा कभी भी गिर सकता है। जिन विद्यालय परिसर या भवनों के ऊपर से हाई वॉल्टेज की लाइन निकली है उसे तत्काल विद्युत विभाग को सूचना देकर हटवाये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही कराये तथा इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को भी दी जाये। वृक्षारोपड़ की 100 प्रतिशत जियो टेगिंग पूर्ण कराये अन्यथा कि स्थिति में सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। वृक्षारोपण के अन्तर्गत लगाये गये वृक्षों की सुरक्षा एवं संरक्षा तथा पोषण हेतु आवश्यक कदम/कार्ययोजना अभी से तैयार कर लें।

विद्यालय में संचारी रोगो के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलवाये, जो विद्यालय मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित है उनके विद्यालय भवन के सामने सड़क पर दोनों ओर ब्रेकर बनवाने हेतु पीडब्लूडी० विभाग / सम्बन्धित निर्माण विभाग को सूचित करके ब्रेकर बनवाये। यदि विद्यालय में बसों / वाहनों का संचालन हो रहा है तो ऐसे वाहनों का स्कूल वाहन के रूप में एआरटीओ० कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करा लें। वाहन चालक एवं हेल्पर का पुलिस वैरीफिकेशन / सत्यापन कराना अनिवार्य है। वाहन का फिटनेस प्रमाण-पत्र एआरटीओ कार्यालय से प्राप्त हो तथा वाहन में क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाये। ऐसे बच्चों को चिन्हित करें, जिनके माता-पिता/अभिभावक ललितपुर के निवासी हो और उनके पास राशन कार्ड न हो उनकी फैमिली आईडी अनिवार्य रूप से वनवाये। कार्य स्थल पर महिलाओं के लैगिंग उत्पीड़न के विरूद्ध आने वाली शिकायतों के निवारण के लिए विद्यालय में आन्तरिक परिवाद समिति को गठित करवाये। किसी भी कक्षा की पढ़ाई छोड़ने वाले छात्र-छात्राओं को पुनः प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करे किसी अभिलेख अथवा प्रमाण-पत्रों के अभाव में प्रवेश के लिए हतोत्साहित न करें। विद्यालय में महापुरूषों के बारे में प्रतिदिन उनके जीवन परिचय के वारे में बताया जाये और उनकी कहानियां सुनाई जाये। विद्यार्थियों में विज्ञान एवं कृषि के प्रति लगाव उत्पन्न करवाया जाये। माह में 01 दिन बैनर लगाकर बच्चों को जिला गंगा समिति के तहत नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम/नदी स्वच्छता कार्यक्रम के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए निबन्ध / स्लोगन / भाषण आदि कार्यक्रम करवाये। आगामी स्वतंत्रता दिवस को भव्यता से मनाये जाने के लिए अभी से तैयारी प्रारम्भ कर दी जाये तथा इसके लिए निबन्ध/वाद-विवाद / स्लोगन / रंगोली / भाषण प्रतियोगिता करवाना प्रारम्भ करवाये। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषका दिवस मनाया जायेगा तथा छात्र-छात्राओं को इसके बारे में विस्तार से बताया जाये। आगामी 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह मनाये जाने से पूर्व विद्यालय में निबन्ध, भाषण, वाद-विवाद, स्लोगन प्रतियोगिता करा लिया जाये जिससे विद्यालय स्तर पर चिन्हित छात्रों द्वारा आसानी से ब्लाक एवं जनपद स्तर पर प्रतिभाग किया जा सके। बच्चों को कैरियर के सम्बन्ध में गाइड्डेस दिया जाये।

# पुलिस ने चार चोरों को बैटरी व इनवर्टर सहित किया गिरफ्तार

## नाबालिक निकले बैटरी चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन,अधीक्षक कालू राम तथा क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण व रोकथाम अभियान के अंतर्गत थाना पाली पुलिस को चोरी के मामले में स्कूल व ट्रैक्टर से बैटरी व इनवर्टर चोरी में चार अभियुक्तों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया है।

कस्बा पाली में स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 29 जुलाई को अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर दो बैटरी एवं एक इनवर्टर चोरी कर लिया था। इसके अतिरिक्त स्कूल के पास खड़े एक ट्रैक्टर से भी एक बैटरी चोरी की गई थी। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक आदेश कुमार, कांस्टेबल सुदर्शन पाठक, कांस्टेबल गोलू व कांस्टेबल ऋषभ सागर की टीम ने बीते दिवस काशीराम कॉलोनी, कस्बा पाली से चार अभियुक्तों करन अहिरवार पुत्र रामदास उम्र 21 वर्ष, राजाबाबू पुत्र बलराम यादव उम्र 17 वर्ष, बोबी उर्फ सल्ले पुत्र लखन परिहार उम्र 17 वर्ष निवासीगण पीपरी मुहल्ला, कस्बा व थाना पाली और इकबाल पुत्र अहमद उम्र 19 वर्ष निवासी मुहल्ला हजारिया, कस्बा व थाना पाली, को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की गई तीन बैटरियाँ और एक इनवर्टर बरामद किए गए।

### कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

# ए.आई. की मदद से आपत्तिजनक फोटो भी किए अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

झांसीपुरा जेल चौराहा निवासी रोहित पुत्र विजय ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी महिला मित्र की किसी अज्ञात व्यक्ति ने फेक इंस्टाग्राम आई.डी. बनाकर ए.आई. के माध्यम से उसका चेहरा इस्तेमाल करते हुये आपत्तिजनक फोटो बनाकर अपलोड कर दी है।

इस घटना के बाद से उसकी मित्र काफी परेशान है और अज्ञात व्यक्ति उसे इन्स्टाग्राम पर मैसेज भेजकर परेशान करते हुये ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़ित ने बताया कि उक्त आई.डी. की सूचना उसकी दोस्त ने उसे दी तो उसने उक्त आई.डी. को अपने फोन में खोलने का प्रयास किया एवं फॉरवर्ड पासवर्ड किया तो उससे एक जीमेल आई.डी. प्राप्त हुयी, जिस पर उक्त इंस्टाग्राम आई.डी. का ओटीपी जा रहा था। उसके दोस्त ने उसे इंस्टाग्राम पर जब साइबर सेल में शिकायत करने की बात कही तो इंस्टाग्राम आईडी डीएक्टीवेट कर दी है। पीड़ित ने मामले की जांच करायी । उक्त आईडी संचालक पर सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की ।

# श्मशान घाट में अधजले शव को खींच कर ले गए कुत्ते, मानवता को शर्मसार करने वाली घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्थानीय श्मशान घाट पर परिजन जब दाह संस्कार करके अधजले अवस्था में शव को छोड़कर परिवार सहित सभी लोग चले गए तब आवारा कुत्तों का एक झुंड अधजले शव को खींच ले गए ओर शव की दुर्गति कर डाली यह घटना मानव को शर्मसार करने वाली है नई बस्ती मुक्तिधाम चंडी मंदिर के पीछे कि यह घटना है जिसमें शव परिजन अधजली स्थिति में समस्त परिवार अपने अपने घर को प्रस्थान कर गए ।

### मथुरा दर्शन कर लौट रहे दंपत्ति का पर्स गायब

# 16 हजार नकद व करीब 36 हजार रुपए का फोन ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मध्य प्रदेश के जिला नमर्दरापुरम के नेहरू वार्ड पिपरिया निवासी मनमोहन पुरोहित पुत्र राधेश्याम पुरोहित ने जीआरपी चौकी में तहरीर दी है। बताया कि वह 30 जून 2025 को मथुरा दर्शन करने के लिए पिपरिया से मथुरा गये थे। दर्शन के बाद उनका आरक्षण 5 जुलाई 2025 को आगरा से ट्रेन संख्या 12191 के कोच संख्या एस-6 की बर्थ नं. 65, 68 व 66 पर था। बताया कि वह परिवार के साथ आगरा से पिपरिया के लिए आ रहे थे। बताया कि सभी लोग खाना-पीना खाकर अपनी-अपनी बर्थ पर सो गये। उसकी पत्नी का लेडीज पर्स ब्लैक कलर का वर्थ नं. 65 पर सिर के नीचे रखकर सो गया। यात्रा के दौरान उसे नींद आ गयी। वह ललितपुर रेलवे स्टेशन के बाद 5 मिनिट पहले उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि सिरहाने रखा उसकी पत्नी का लेडीज पर्स नहीं था। पर्स के अंदर 16 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल था।

### रेलवे स्टेशन पर दिलाई स्वच्छता अभियान की शपथ

# वही देश विकास कर सकता है जिसके हर नागरिक दो घंटे देश के विकास के बारे में स्वस्थ विचार रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अगस्त माह के शुभारंभ पर स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता एसटीएच मैनेजर डी.के.चतुर्वेदी ने की।

जबकि स्वच्छता अभियान की शपथ का उदबोधन एवं नेतृत्व सीबीपीएस कमलापति अग्निहोत्री ने किया। स्वच्छता अभियान की शपथ महात्मा गांधी के जीवन एवं कार्यप्रणाली के तहत किये गये मार्गदर्शन में की गयी। शपथ का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छ शरीर, गांव-शहर एवं देश में जो भी रहता है, वही राष्ट्र विकसित होता है। प्रत्येक नागरिक को प्रतिदिन कम से कम दो घण्टे का समय ऐसे प्रेरणादायक अभियान को देना चाहिए। शपथ के दौरान सीबीपीएस कमलापति अग्निहोत्री ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। अपने आसपास स्वच्छता रखने से मन और तन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। स्वच्छता रखने से किसी भी मौसम के प्रतिकूल असर हमारे शरीर पर नहीं होता। एसटीएच मैनेजर डी.के.चतुर्वेदी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार स्वच्छता को लेकर वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। हमारे आसपास स्वच्छता बनाये रखना हमारा ही दायित्व है। इसे समझना होगा और दूसरों को भी स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित करें।

### अपना दल (एस) प्रतिनिधिमंडल ने नवागत जिलाधिकारी से की औपचारिक भेंट



**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में हाल ही में तैनात हुए नवागत जिलाधिकारी से शुक्रवार को अपना दल (एस) के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात डीएम कार्यालय में संपन्न हुई। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और जिले के विभिन्न सामाजिक व विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रामीण विकास, महिला सुरक्षा, एवं युवाओं के लिए रोजगार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया। अपना दल (एस) के जिला महासचिव सोहनलाल निरंजन ने कहा कि पार्टी जनहित के कार्यों में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करना चाहती है। वहीं जिलाधिकारी ने भी पारदर्शिता और जनसहयोग से प्रशासन चलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल, विद्या श्रीवास्तव महिला मंच जिला अध्यक्ष, डॉ एसएस राजपूत विधानसभा अध्यक्ष ललितपुर, चिकित्सा मंच जिला अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा युवा मंच अध्यक्ष आशीष पटेल आदि मौजूद थे।

# पीएनबी आरसेटी में वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन का 6 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर





ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), ललितपुर द्वारा की 30 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन का 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पंजाब नैशनल बैंक के जिला प्रबन्धक रंजीत कुमार जी व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अजीविका मिशन से जिला मिशन प्रबंधक श्रीमती निधि शुक्ला का निदेशक आरसेटी सतीश चन्द्र जी द्वारा स्वागत किया गया। समापन अवसर पर वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षित समूह की महिलाओं को अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि सभी महिलायें अपने अपने पंचायत क्षेत्र में कार्य करें बैंक योजनाओं की जानकारी, साइबर धोकाधड़ी, धन की जमा निकासी के बारे में जानकारी प्रदान करें।

निदेशक आरसेटी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि प्रशिक्षण का उपयोग अपने कार्य क्षेत्र में करें ताकि लोगों को वित्तीय साक्षरता के बारे में अधिक से अधिक जागरूक किया जाये। साथ ही अपने कार्य क्षेत्र में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से समझाकर लोगों को जागरूक करें, कि अधिक से अधिक बैंक व्यवस्था से जुड़कर कार्य करें। जिला मिशन प्रबंधक निधि शुक्ला द्वारा सभी ब्लॉक की प्रशिक्षित महिलाओं स्वयं की ग्राम पंचायत में व अपने ग्रामीण क्षेत्र में बैनर लगाकर व गेम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने को कहा कि किस तरह बैंक से जुड़कर योजनाओं का लाभ लिया जा सकें।

# हज यात्रियों के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 अगस्त तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उ.प्र. राज्य हज समिति के पत्रांक अनुसार हज कमेटी आफ इण्डिया ने सकुर्लर-6 दिनांक-31 जुलाई, 2025 के माध्यम से हज-2026 के ऑनलाइन आवेदन हेतु अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 से बढ़ाकर 07 अगस्त, 2025 कर दी गयी है।

जिन आवेदकों ने अपना आवेदन नहीं किया है वह तत्काल अपना आवेदन करलें, जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कर लिया है व ऑनलाइन आवेदन किन्हीं कारणों से नहीं किया है वह भी आवेदन को निर्धारित अवधि में पूर्ण करलें, अन्यथा वह हज-2026 से वंचित रह सकते है। जिन इच्छुक हज आवेदकों का भारतीय अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट 31 दिसम्बर, 2026 तक वैध नहीं है वह अपने पासपोर्ट के लिए क्षेत्रीय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपना पोसपोर्ट शीध्र कराने हेतु अनुरोध करें ताकि हज हेतु समयान्तर्गत आवेदन हो सके। इस सम्बन्ध में हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा पासपोर्ट कार्यालयों को दिनांक-15 जुलाई, 2025 व 25 जुलाई, 2025 के माध्यम से पत्र प्रेषित किये गये है। हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि हज यात्रियों के चयन हेतु कुर्रा (आनलाइन लाटरी) अन्तिम तिथि के तत्काल बाद किया जायेगा। सभी चयनित हज यात्रियों को अग्रिम धनराशि 1,52,300 रुपये 20 अगस्त 2025 तक हज कमेटी आफ इण्डिया के खाते में जमा करनी होगी।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० इम्तियाज अहमद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अगस्त से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को शिशु के जन्म से 06 माह तक केवल माँ का दूध पिलाने के लिये प्रोत्साहित करना और स्तनपान के महत्व को समाज मे व्यापक रूप से फैलाना है।

शिशु के मानसिक व शारीरिक विकास में स्तनपान की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा० सौरभ सक्सेना ने बताया कि माँ का दूध शिशु के लिये सम्पूर्ण आहार है जो उसे कुपोषण संक्रमण और कई बीमारियों से बचाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 की थीम है 'स्तनपान को प्राथमिकता दें: स्थायी सहायता प्रणालियों का निर्माण करें। डीपीएम रजिया फिरोज ने बताया कि जन्म के तुरन्त बाद शिशु को पहला पीला गाढा दूध (कोलोस्ट्रम) अवश्य देना चाहिये क्योकि यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रविशंकर झा ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान स्तनपान को बढावा देने के लिये प्रचार प्रसार के विभिन्न तरीकों का उपयोग किया जायेगा। इस दौरान नाजमीन खान स्टेट ट्रेनर द्वारा स्तनपान के तरीकों, सावधानियों और स्तनपान के दौरान आने वाली सामान्य समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया। गोष्ठी के दौरान उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० शिवसे प्रकाश, डा प्रदीप सिंह यादव, डीसीपीएम गणेश तेंगुरिया, एसएमओ डा सुमित बघेल, डीएमसी यूनीसेफ सबा परवीन, जन्म-मृत्यु डीपीए० आलोक सचान, विभिन्न ब्लॉकों से आये अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### कर्मकांडी ब्राह्मण और संत आयोजन में हुए शामिल

# संत, महंत और पुरोहित करें धर्म-संस्कृति के प्रति जागरूक : रवीन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



हिन्दी साहित्य भारती (अंतर्राष्ट्रीय) के आध्यात्मिक प्रकोष्ठ के मण्डलीय सम्मेलन की श्रृंखला में प्रथम सम्मेलन झांसी के एक होटल में मां सरस्वती वन्दना और संस्था के ध्येय गीत गायन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में झांसी, ललितपुर और उरई जालौन के लगभग तीन सौ संत, महंत, कर्मकांडी आचार्य और पुरोहित सम्मिलित हुए।

श्रीधाम काशी जी, श्रीधाम वृन्दावन और जयपुर से भी विशिष्ट अतिथि संतों ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्रदान किया। सम्मेलन का केन्द्रीय विषय सामाजिक समरसता के लिए जातिवाद का त्याग, सनातन संस्कृति के क्षरण, धर्मान्तरण और विधर्मियों के षडयंत्र रोकने में मठ, मंदिरों और पुरोहितों की भूमिका रहा। वक्ताओं ने मुक्तकंठ से अध्यात्मिक गुरुओं का आवाहन किया और विभिन्न सनातनी आयोजनों में यजमान परिवार और सनातन समाज को इस और प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### नामों की घोषणा की

*मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री डा.रवीन्द्र शुक्ल के अतिरिक्त श्रीधाम काशी से डा.सचीन्द्र नाथ पाण्डेय, महंत राजेश्वरानंद श्रीधाम बृन्दावन, श्री प्रहलाद बाजपेयी कानपुर, डा.ममता महामंडलेश्वर दिल्ली, डा.विजय लक्ष्मी शुक्ला बाल न्यायाधीश, पूर्व आईएएस श्याम सिंह राजपुरोहित जयपुर, झांसी महानगर धर्माचार्य डा.हरिओम पाठक, कथावाचक हरिओम थापक, केंद्रीय संयुक्त महामंत्री निशांत शुक्ला, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजीका एवं मुख्यालय प्रभारी रूचि निवेदिता, जगद्गुरु श्री कृष्णगिरी, महंतश्री बालयोगेश्वर त्यागी तालबेहट, महंत सूर्यप्रकाश कंचनघाट, पं. कृष्णकांत लिटोरिया, सर्वेश्वर धाम मन्दिर झांसी के महंत डा.पाण्डेयजी व अन्य ने अपने विचार प्रकट करते हुए समाज में पनप रही विकृतियों को रोकने पर बल दिया। संजय राष्ट्रवादी, संजय पहारिया, दीपक त्रिपाठी आदि रहे। हिन्दी साहित्य भारती के आध्यात्मिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डा.सचीन्द्र नाथ पाण्डेय, श्रीधाम काशी एवं प्रदेश संगठन मन्त्री के दायित्व पर विनोद शर्मा ललितपुर के नामों की घोषणा अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.रवीन्द्र शुक्ल द्वारा की गई।*

### मप्र सड़क विकास निगम का जिले में दफ्तर नहीं होने से कोई नहीं दे रहा ध्यान

# ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हाईवे पर बारिश ने दिए 'करोड़ों के जख्म'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम(एमपीआरडीसी) द्वारा साल 2015 में करोड़ों रुपए की लागत से ब्यावरा से राजगढ़ होते हुए राजस्थान सीमा समेली बार्डर तक हाईवे पर चैड़ीकरण कार्य करवाया गया था। सड़क विकास निगम ने निर्माण एजेंसी मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर को यह कार्य सौंपते हुए टोल वसूली की जिम्मेदारी सौंपी थी। उक्त हाईवे पूर्व से अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका था लेकिन बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश ने सैकड़ों स्थानों पर हाईवे को छलनी कर दिया है। डामरीकृत हाईवे की सड़क पर ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक अनेकों स्थानों दर्जनों बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बारिश के चलते सड़क का डामर उखड़ चुका है। गड्ढों के चलते हाईवे से प्रतिदिन गुजरने वाले सैंकड़ों वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार रात्रि को ही जालपा माता मंदिर के आगे देवगढ़ के समीप हाईवे पर हुए बड़े गड्ढे से असंतुलित होकर एक कार पलटी मारते हुए 10 फीट दूर खाई में जा गिरी थी। गनीमत से दुर्घटना में बड़ी जनहानि नहीं हुई।

**हाईवे पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से बनी दुर्घटनाओं की संभावना**

#### बाईपास पर ही आधे फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा

*इसी हईवे पर राजगढ़ शहर की सीमा से होकर निकले बाईपास पर स्थानीय दरगाह गेट के सामने आधे फीट से भी ज्यादा गहरा गड्ढा हो चुका है। इस तरह के गड्ढे इस हाईवे पर अनेकों स्थानों पर हो चुके हैं जिनसे दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है।*

#### ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक मेंटेनेंस की दरकार

*हाईवे की बदहाली सिर्फ नेवज नदी के पुल पर हुए गड्ढों तक ही सीमित नहीं है बल्कि ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा समेली तक कई स्थानों पर हाईवे के मेन्टनेंस की दरकार है। हाईवे की सीमा में ऐसे सैकड़ों स्थान हैं जहां पर मरम्मत करवाया जाना नितांत आवश्यक है अन्यथा हाईवे पर सरपट दौड़ते वाहनों के साथ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।*

#### न एमपीआरडीसी और न टोल कंपनी दे रही है ध्यान

*एनएच-52 हाईवे पर प्रत्येक वाहन से बाकायदा टोल वसूल रही टोल कंपनी के जिम्मेदारों द्वारा क्षतिग्रस्त स्थानों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। दरअसल, टोल कंपनी को निर्देशित करने का अधिकार एमपीआरडीसी को है, लेकिन इस विभाग का जिले में कोई कार्यालय ही नहीं है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम का मुख्य कार्यालय राजधानी भोपाल में स्थित होने के चलते जिम्मेदार अधिकारी वाहन चालकों को हो रही परेशानियों एवं संभावित दुर्घटनाओं की तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। हाईवे से अक्सर गुजरने वाले जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को भी आमजनों सहित वाहन चालकों की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है।*

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में प्रसूताओं को नहीं मिल रहा पोषण आहार

# ठेकेदार की मनमानी से महिलाएं परेशान, कई दिनों से बंद है चाय, नाश्ता और भोजन वितरण, परिजनों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा



मध्य प्रदेश शासन ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रसव के बाद स्वास्थ्य केन्द्र पर भोजन देने की योजना बनाई गई है। राजगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में पिछेल अप्रैल, मई जून,2025 महीने भर से प्रसूता महिला को मिलने वाला भोजन नहीं मिल रहा है, और डिलीवरी कराने आए महिलाओं को भूखा रहना पड़ रहा है या घर से भोजन की व्यवस्था करानी पड़ रही है। 'नियमतः डिलीवरी कराने आई महिलाओं को अंडा और दूध तो छोड़िए दाल-रोटी भी नसीब नहीं हो रहा।' जिसमें उन्हें नाश्ता और दो समय का खाना और पौष्टिक आहार जैसे दूध, काजू, किशमिश के लड्डू, रोटी, हरि सब्जी और अन्य पौष्टिक आहार दिया जाना होता है। जिसमें 100 रुपये के लगभग से अधिक की राशि शासकीय योजना के तहत शासन प्रदान करती है, जो कि कुल 100 रुपये से अधिक का बजट एक प्रसूता महिला के लिए शासन द्वारा दिया जाता है। बजट होने के बावजूद उन्हें खाना क्यों नहीं दिया जा रहा यह समझ से परे है। बताना लाजमी होगा कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बोड़ा में महीने भर में करीबन 30 से 40 महिलाओं का डिलीवरी होता है। जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती होती है तो उसे पोषणयुक्त दोपहर व रात्रि भोजन और सुबह का नाश्ता निःशल्क देने का प्रावधान है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में भर्ती प्रसूति महिलाओं को कई दिनों से शासन द्वारा निर्धारित पोषण आहार नहीं मिल रहा है। मरीजों के अटेंडरों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में चाय, नाश्ता और भोजन जैसी बुनियादी सुविधाएं ठेकेदार की लापरवाही के कारण बंद हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार तड़के करीब 1 बजे एक प्रसूता के परिजन ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बेटी की डिलीवरी यहां हुई, लेकिन तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने के बावजूद उसे कोई पोषण आहार नहीं दिया गया।

#### पीड़ितों की आपबीती

*▶▶ 01 - **मोना राजपूत (प्रसूता)** : हमें अस्पताल में कोई भोजन नहीं मिला। घर से चाय, नाश्ता और खाना मंगवाकर ही खा रहे हैं।*

*▶▶ 02 - **रानी, आंखखेड़ी** : अब तक कुछ भी नहीं दिया गया। शासन तो व्यवस्था करता है, लेकिन ठेकेदार की मनमानी से कुछ भी नहीं मिल रहा।*

*▶▶ 03'- **बीरम पिपलिया की महिला अटेंडर** : तीन दिन से यहां हैं, लेकिन अस्पताल की ओर से किसी भी प्रकार का भोजन या चाय नहीं दी गई।*

#### प्रशासनिक पक्ष

*इस पूरे मामले पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा के मेडिकल ऑफिसर डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह मंडलोई का कहना है - ठेकेदार द्वारा पिछले कुछ दिनों से प्रसूति महिलाओं को भोजन और चाय नहीं दी जा रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी भेजी जा चुकी है।*

### जनप्रतिनिधियों ने वाहन चालकों को सौंपी चाबियां

# जिले को मिले 2 शव वाहनों में एक राजगढ़ तो दूसरा रहेगा ब्यावरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों सहित अन्य दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के शवों को उनके घर या मुक्तिधामों तक पहुंचाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन, हालिया स्वास्थ्य विभाग ने जिले को 2 शव वाहन उपलब्ध करवाए हैं। इन दो शव वाहनों में से एक राजगढ़ जिला अस्पताल तो दूसरा ब्यावरा सिविल अस्पताल में उपलब्ध रहेगा।

गुरुवार को कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा और जिला विकास एवं निगरानी समिति सदस्य ज्ञानसिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष विनोद साहू ने इन वाहनों के चालकों को चाबियां सौंपी। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में शव वाहन की काफी लंबे समय से आवश्यकता थी। इन वाहनों से दुख की घड़ी में परिजनों को अपने प्रियजनों को अंतिम संस्कार के लिए गृह निवास तक ले जाने में बड़ी राहत मिलेगी। शव वाहन की उपलब्धता से न केवल शहरी क्षेत्रों में बल्कि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को सुविधा मिल सकेगी। अक्सर शवों को ले जाने के लिए निजी वाहनों या अन्य अनुपयुक्त साधनों का उपयोग करना पड़ता था। शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए इन समर्पित वाहनों के माध्यम से सम्मानजनक और सुरक्षित तरीके से शवों को उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाया जा सकेगा।

#### इस तरह से होगा शव वाहनों का संचालन

*जिले को प्राप्त शव वाहनों के संचालन के लिए टोल-फ्री नंबर 1080 जारी किया गया है। इस नंबर पर डॉयल करके पूछी गई जानकारी दर्ज कराकर वाहन का उपयोग किया जा सकता है। वाहनों का संचालन राजगढ़ जिले की सीमा के अंदर ही किया जाएगा। किसी भी शासकीय अस्पताल में हुई मृत्यु पर शव वाहन मृतक को उसके निवास स्थान अथवा मुक्तिधाम तक निःशुल्क परिवहन किए जाने हेतु रहेगी। प्रायवेट अस्पताल, निजी संस्थानों अथवा अन्यत्र जगहों के लिए शव वाहन उपलब्ध कराए जाने की पात्रता नहीं होगी।*

# वेतन के अभाव में नप सफाई कर्मचारियों ने काम किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर पालिका सारंगपुर में विगत महीनों से वेतन नहीं मिलने की शिकायत नगर पालिका के सफाई कर्मी बोल रहे हैं,इन सफाई कर्मियों का वेतन कब से बकाया है वेतन क्यों नहीं मिल रहा हैं,इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है किंतु वेतन के अभाव में नगर पालिका के सफाई कर्मी लगातार वेतन की मांग कर रहे हैं, गुरुवार को वेतन को लेकर ही सफाई कर्मी नगर पालिका सीएमओ से मिले तो उनका जवाब था कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश के बाद ही कुछ लोगों का वेतन दिया जाएगा कुछ का वेतन आज भुगतान होगा लेकिन,समाचार लिखे जाने तक किसी भी सफाई कर्मी का भुगतान नहीं हुआ,सफाई कर्मी रोज की तरह 2 बजे होने वाली उपस्थिति के समय नगर पालिका पहुंच गए और अपने अपने दरोगा को उपस्थिति दर्ज करवाई किन्तु,एक भी कर्मचारी वेतन नहीं मिलने के कारण काम कर नहीं गया,सफाई कर्मचारी संघ के नेता रवि गिरजे एवं अन्य पदाधिकारियों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा कोई भी सफाई कर्मी

#### इनका कहना हैं,

*2016 पूर्व के सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान कर दिया हैं शेष कर्मचारियों के वेतन के लिए वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन चाहा गया है।*

*ज्योति, सीएमओ नपा सारंगपुर,*

### शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय मंग्याखेड़ी में स्कूल बैग वितरण

# गरीबों की मदद के लिए आगे बढ़े हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड का एक विद्यालय ऐसा है जहां पर विद्यार्थियों को स्कूल बैग मिले है उक्त स्कूल का नाम शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय मंग्याखेड़ी है जिसमें ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश बिरमाल, ब्लॉक समन्वयक बी एल वर्मा संकुल प्राचार्य उदनखेड़ी गोरी लाल भिलाला, जन शिक्षक देवीसिंह नगर वरिष्ठ शिक्षक मुश्ताक खान, गोपाल प्रसाद राठौर अतिथि शिक्षक दीलीपसिंह राजपूत ,देवेश मालवीय सरपंच मांगीलाल राजपूत,पंचायत मंत्री सुरेश राठौर,अभिभावक संघ के अध्यक्ष रामसूरत मालवीय,वरिष्ठ ग्रामीण राम नारायण राजपूत, एवं समस्त छात्रों की उपस्थिति में संस्था की प्रभारी सुनीता राजपूत की ओर से सभी बच्चों को नए स्कूल बैग अतिथियों के कर कमलों से वितरित किए गए इस अवसर पर स्कूल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सुरेश बिरमाल द्वारा बच्चों को आशीष वचन स्वरूप कविताओं के माध्यम से गुदगुदाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही परोपकार की भावना से गरीब बच्चों को की जा रही मदद की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। साथ में आए संकुल प्राचार्य द्वारा भी बच्चों के प्रदर्शन को देखते हुए उनको प्रोत्साहित किया गया एवं स्कूल को हर तरह के सहयोग का आश्वाशन दिया गया। समस्त अतिथियो द्वारा बच्चों से बातचीत कर उनका स्तर देखा गया और स्कूल की सराहना की।

# एनएचएआई ने शुरू किया चंबल पुल की मरम्मत का काम



**श्योपुर।** बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई चंबल नदी के पाली पुल की स्लैब की मरम्मत का काम एनएचएआई के द्वारा शुरू करवा दिया गया है। नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने बताया कि बहुत जल्द ही पुल की आवश्यक मरम्मत का काम कंपलीट कर लिया जाएगा। बता दें कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की ओर से चंबल पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा रखी है।

# सड़क पर भटकता गोवंश, कलेक्टर के आदेश बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



विगत दिनों कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सड़कों पर खुलेआम गौवंश का विचरण लगातार जारी है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही आए दिन गोवंश दुर्घटना का शिकार हो रहा है शहर की मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों और आवासीय कॉलोनियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश का झुंड आए दिन यातायात में बाधा बनता है। कई बार ये मवेशी सड़क पर बैठकर वाहनों के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। गौरतलब है कि कलेक्टर गिरीश मिश्रा द्वारा पूर्व में नगर पालिका,जनपद पंचायत सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था कि शहर की सड़कों से स्वतंत्र रूप से घूम रहे हो वंश को हटाकर गौशालाओं में भेजा जाए, परंतु प्रशासनिक अमला इस दिशा में पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी न तो कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है और न ही नगर पालिका तथा ग्राम पंचायत से स्थायी समाधान की पहल की नहींजा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में पहुंचाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं और अव्यवस्था से बचा जा सके।

### मंडी निरीक्षक हुए सेवानिवृत

# कृषि उपज मंडी समिति ने दी भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा में पदस्थ मंडी निरीक्षक नारायण प्रसाद दुगारिया की 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंडी सचिव रामप्रसाद राज द्वारा शाल श्रीफल दे कर सम्मान किया गया।

इसमें समस्त कर्मचारीगरण द्वारा स्नेहपूर्वक पुष्पहार देकर नारायण प्रसाद को कार्यालय से विदाई दी गई। कार्यक्रम में पूर्व मंडी सचिव लक्ष्मीनारायण दांगी, मंडी सचिव गोवर्धन लाल दांगी , लक्ष्मी नारायण कोट, भगवान सिंह राजपूत, मंडी सचिव हरिप्रसाद वर्मा, मंडी सचिव देवेंद्र मीणा , मंडी सचिव देवीलाल सोंधिया, रोडमल भिलाला गोपाल सिंह सिकरवार, रमेश वर्मा, राजेश सक्सेना, महेश यादव, जगदीश प्रसाद दांगी, देवीसिंह केसरिया, गोपाल साहू, रोहित विश्वकर्मा, दुलीचंद कोट, सीताराम वर्मा, भगवान सिंह चंद्रवंशी, प्रियांशू जाटव, आकाश भिलाला, बद्रीप्रसाद भिलाला, नितिन शर्मा,गोकूल प्रसाद शर्मा, प्रियंका भगत, रेखा यादव एवं समस्त सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

# कुछ महीनों में नया ग्रिट जल्द होगा तैयार, बार-बार बिजली कटौती से नगर वासियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



छापीहेड़ा में बन रहा नया बिजली ग्रिट बिजली कटौती से अब नगर वासियों को मिलेगी राहत क्योंकि इस ग्रिट पर बिजली बड़ी लाइन के माध्यम से आएगी जो नलखेड़ा खुजनेर जीरापुर की समस्त लाइनों से जुड़ी होगी भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार लगातार हर एक डिपार्मेंट के माध्यम से प्रदेश की जनता को समस्त मूलभूत सुविधाओ की सौगात लगातार धरातल पर बिछा रही है जैसे जल संसाधन द्वारा लाइने बिछाकर नगर एवं ग्रामों से लेकर एक-एक खेत पर पानी पहुंचे ऐसे में किसानों को राहत देने का काम कर रही है चाहे स्टेट हाईवे रोड का डेवलपमेंट देखा जाए तो नगर में आर सीसी के माध्यम नवीन कायाकल्प हो रहा वैसे ही नगर में बिजली की बार-बार समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कुछ ही महीनौ में बड़ी लाइन के माध्यम से सुचारू रूप से 24 घंटे बिजली उपलब्ध मिलेगी ऐसी आशा बिजली विभाग के सुपरवाइजर योगेश चौरसिया ने बताई है चौरसिया के आने के बाद नगर छापीहेड़ा में बिजली संबंधित सभी शिकायतों का तत्परता के साथ त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा नगर में लगे सभी ट्रांसफरों पर पशु व कोई जनहानि ना हो इसको देखते हुए चौतरफा बाउंड्री वॉल सृष्टिमेड तरीके से लगवाने का प्रयास जल्द शुरू किया जाएगा आज नगर के मुकेश चौधरी पुरुषोत्तम गुप्ता हेमराज जायसवाल मंगल घटेलिया रामबाबू चैहान सभी पत्रकारों ने मिलकर चैरसिया से बिजली के संबंध में मुख्य बातें कर विमर्श किया तथा उनके आवागमन पर उनको बधाई दी।

### उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती पर विचार गोष्ठी मनाई

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में हिंदी विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय विचार गोष्ठी आयोजित की गई। उक्त गोष्ठी के मुख्य अतिथि अशोक कुमार शर्मा थे एवं अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विपिन बिहारी खरे ने की। गोष्ठी में मंशी प्रेमचंद के जीवन दर्शन एवं साहित्य पर बोलते हुए डॉ. खरे ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद के विचार हर युग में प्रासंगिक रहे हैं। उनका जीवन दर्शन साहित्य एवं समाज को आईना दिखाता हुआ अभिव्यक्त हुआ है। प्रेमचंद की वर्तमान प्रासंगिकता को इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने उनकी विभिन्न कहानियों के प्रसंगों के दृष्टिकोण से रेखांकित किया। पंच परमेश्वर, बड़े घर की बेटी, दो बैलों की कथा, आहुति, सवा सैर गेहूं, कफन जैसे कितनी ही कहानियां मुंशीजी ने लिखी हैं जिसमें समकालीन साहित्य की खनक एवं आगामी भारत के भविष्य का चित्रण है। श्री शर्मा ने उनके साहित्यिक उपन्यासों में गबन एवं गोदान को भी रेखांकन किया। साथ ही उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

#### मुंशी प्रेमचंद को जाता है हिंदी भाषा को समृद्ध करने का श्रेय

कार्यक्रम के सूत्रधार एवं हिंदी सहायक प्राध्यापक मोहन पुरी ने कहा कि हिंदी को वैश्विक ज्ञान से जोड़ने एवं तत्कालीन हिंदी भाषा को समृद्ध करने का श्रेय मुंशी प्रेमचंदजी को जाता है। विचार गोष्ठी में डॉ. रजनी खरे, डॉ. दिनेश मालवीय, डॉ. राजमल नागर एवं डॉ. अशोक विजयवर्गीय का भी विशेष योगदान रहा। प्रेमचंद के क्रांतिकारी विचारों की वर्तमान आवश्यकता पर विमर्श के साथ-साथ गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।